23.04.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10pm
प्रादेशिक समाचार

पीएम मोदी, रेलवे लेख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि रेल पटरियों के आधुनिकीकरण से देश का रेल नेटवर्क तेज़ और भरोसेमंद बन रहा है। श्री मोदी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का एक लेख सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा कि पटरियों की मरम्मत, बेहतर जाँच और मशीनों से रखरखाव की वजह से ट्रेनों की रफ्तार बढ़ी है और सफर आरामदायक हुआ है। उन्होंने कहा कि इन बदलावों से ट्रेनें समय पर चल रही हैं और यात्रियों को देरी से राहत मिल रही है।

मुख्यमंत्री- सागर दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सागर जिले की नरयावली विधानसभा के दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद सागर जिले का यह उनका 17वां दौरा है। इस दौरान उन्होंने सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया और 63 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत के 75 विकास कार्यों की सौगात दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बोर्ड परीक्षा की प्रवीण्य सूची में आए छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया।

गेहूं अच्छी पैदावार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गेहूं की अच्छी पैदावार को देखते हुए समर्थन मूल्य पर खरीदी तय लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा होने की संभावना है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार से उपार्जन लक्ष्य बढ़ाने के लिए लगातार चर्चा की जा रही है। इस साल 19 लाख से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले साल से करीब 3 लाख अधिक है। प्रदेश में अब तक 95 लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं खरीदा जा चुका है। किसानों को 2 हजार 625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है, जिसमें बोनस भी शामिल है।

गीता भवन परियोजना

प्रदेश सरकार की गीता भवन परियोजना के तहत प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य युवाओं को गीता के संदेश और भारतीय मूल्यों से जोड़ना है। ये गीता भवन सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित होंगे। यहां लाइब्रेरी, ई-लाइब्रेरी, रीडिंग रूम, साहित्य केंद्र और कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं भी होंगी। इस परियोजना पर करीब तीन हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे अगले पांच साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन

चौथा भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन 28 मई से नई दिल्ली में शुरू होगा। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत-अफ्रीका साझेदारी बेहद अहम है। श्री जयशंकर ने बताया कि भारत अफ्रीका के सबसे बड़े व्यापारिक और निवेश भागीदारों में से एक है।

ईंधन आपूर्ति

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने ईंधन आपूर्ति मजबूत बनाए रखने के लिए 41 बायोगैस सिलेंडर भरने और स्टोरेज प्लांट्स को मंजूरी दी है, जिनमें 14 को लाइसेंस भी जारी हो चुका है। इसके अलावा सीएनजी और सीबीजी स्टेशनों से जुड़े सैकड़ों आवेदनों का तेजी से निपटारा किया गया है।

सीबीएसई- दूसरे चरण की परीक्षा

सीबीएसई 15 मई से दसवीं की दूसरे चरण की परीक्षा आयोजित करेगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और पहले चरण में अंक सुधारने के इच्छुक छात्र इसमें शामिल हो सकते हैं। उत्तीर्ण छात्र विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्हीं तीन विषयों में दोबारा परीक्षा दे सकते हैं। बोर्ड ने दसवीं की मुख्य परीक्षा के नतीजे 15 अप्रैल को घोषित किए थे। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उठाया गया है जिसका मकसद परीक्षा का तनाव कम करना और छात्रों को एक और मौका देना है।

विश्व पुस्तक दिवस

आज विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन किताबों, ज्ञान और सृजन के महत्व को रेखांकित करता है। यूनेस्को ने वर्ष 1995 में 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी। इस दिन का उद्देश्य पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना, लेखकों का सम्मान करना और कॉपीराइट के प्रति जागरूकता फैलाना है।

चार धाम- बद्रीनाथ

उत्तराखंड में आज बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसके साथ ही चारों धाम यात्रा अब पूरी तरह शुरू हो गई है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज क्रिकेट प्रेमियों की नजरें मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर रहेंगी, जहां मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला होगा। यह रोमांचक मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। वहीं कल लखनऊ में राजस्थान रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर जाएंट्स को 40 रन से हरा दिया।

समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी के कोलारस में एसडीएम ने नरवाई जलाने वाले दो किसानों पर 15 -15 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है।
- नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत आगरमालवा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- पन्ना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लू से बचाव के लिय एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से बचाव के उपाय करने के निर्देश दिये है।
- खंडवा में पुनासा एसडीएम ने मोरटक्का में सड़क किनारे लगने वाली मिर्ची दुकानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश का उल्लंघन करने पर सामग्री जब्ती व अर्थदंड की कार्यवाही की जाएगी।